Accredited Grade 'B+' by NAAC

# श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

Estd. : 1960



प्रो. (डॉ.) पूनम
प्राचार्य
श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना

# COLLEGE NEWS BULLETIN



प्रो. आर. के. सिंह
माननीय कुलपति
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

वर्ष-1 | अंक-3 | मई, जून एवं जुलाई, 2022, पटना | मूल्य : निःशुल्क

## MISSION

असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मा अमृतं गमय

To create a vibrant culture of academics and extracurricular activities which together make girls into self-confident, self-reliant, self sufficient, responsible and capable individuals.

- To change the way people think-to encourage students to break free of constricted modes of thinking, so that they can respond to new opportunities and challenges without limitations.
- To provide a market oriented professional education to the girl students students of India in general, and Patna in particular, with a view to serving the cause of higher deducation.
- To make students flexible, more movable and easy to deal with. Grooming leading leaders who are not only. Thorough professionals but good human beings with values and 'sanskars'.

## VISION

**"Lead us to the righteous path,
Lead us from darkness to light,
lead us from death to immortality."**

Here we do not mean the immortality of the human body, but the human ideas, institu-tions, human thought & training, which is imported to the students, should live on for generations to come...

. To stimulate both the hearts and minds of students; empower them to contribute to the welfare of the society at large; train them to adopt themselves to the changing needs of the economy; advocate them for cultural leader-ship; to ensure peace, harmony and prosperity for all, and thus make Sri Arvind Mahila College - One of the most creative, innovative colleges in Patna and Bihar - an asset that the Patna area urgently needs.

## OBJECTIVE

To convert the vision and mission into reality, the college aims-

- To empower the girls wholly by providing ample space for creativity and innovation.
- To develop strong self-confidence and knowledge to enable students to project themselves as employable.
- To impart not only sound education to the young girls but also mould them to be upright, and committed citizens, strongly sensitive to the varied needs of our developing society.
- To be self-reliant and courageously face the challenges of life.
- To encourage leadership, integrity and a deep sense of social justice arising from a sensitivity to moral values and principles.
- To develop a strong sense of discipline and a dignity of labour among students.
  To develop critical and analytical thinking among students.
- To achieve good performance within limited resources.
- To preserve and enhance the highest standards of excellence and help students to master the expanding horizons of knowledge and also become the repository of a deep commitment to Indian ethos and culture in a pristine form.
- To help students equip themselves to access the best opportunities of growth and advancement by being prepared linguistically and culturally for them.
- To carefully sensitize the students to environmental concerns.
  The concepts to enlightened citizens to the world will be background of all our endeavours.









## महाविद्यालय की विशेषताएँ

- नियमित वर्ग संचालन
- स्मार्टबोर्ड युक्त कक्षाएँ
- प्रबुद्ध शिक्षकगण
- विशाल खेलकुद मैदान
- एकेडमिक कलैन्डर
- ऑनलाइन नामांकन
- ऑनलाइन परीक्षा संबंधी कार्य
- स्टेडियम
- तीन आधुनिक सुसज्जित ऑडिटोरियम
- सुसज्जित कॉमन रूम
- जिम (व्यायामशाला) की सुविधा
- ओटोमेटेड लाइब्रेरी
- आधुनिक सुसज्जित विज्ञान प्रायोगशाला
- ड्रेस कोड
- सोलर ऊर्जा
- रेनवाटर हारवेस्टिग प्लांट
- वेस्ट मेनेजमेंट
- नियमित एन. एस. एस. सक्रियता
- एन. सी. सी.
- मोबाइल जोन
- अनुशासित कार्यालय संपादन
- पालना घर
- शिकायत एवं सुझाव पेटी
- डाइनेमिक वेबसाइट
- नियमित खेलकूद सक्रियता
- नियमित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन
- रैम्प की सुविधा
- पूछताछ काउन्टर
- बहूदेश्यीय काउन्टर
- छात्रावास की सुविधा
- समृद्ध बोटेनिकल गार्डेन
- नियमित कैरियर काउन्सिलिंग
- न्यूज बुलेटिन/स्मारिका/शोध-पत्रिका का नियमित प्रकाशन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Estd. : 1960


**संरक्षक**

**प्रोफेसर ( डॉ. ) पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**

**डॉ. शिवनारायण सिंह**
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

**संपादक मंडल**

**डॉ. संजय अग्रवाल**
एसो. प्रोफ़ेसर, वाणिज्य विभाग

**डॉ. अजय कुमार**
अध्यक्ष, गणित विभाग

**डॉ. विमी सिंह**
अध्यक्ष, गृहविज्ञान विभाग

**डॉ. सपना वरुआ**
असि. प्रोफेसर, राजनीतिविज्ञान विभाग

**श्री आदित्य भारद्वाज**
असि. प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग

**श्री गोपाल कुमार**


# प्राचार्या की कलम से .......




देश के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महिलाओं को शक्तिशाली बनाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री अरविन्द महिला कॉलेज नारी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता रहा है। वर्तमान में यहाँ लगभग 10 हजार छात्राएँ अध्ययनरत हैं, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे भी अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं।

महाविद्यालय में योगदान के उपरांत महाविद्यालय का तेजी से विकास करने का मैंने दृढ़ संकल्प लिया और उस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया। मेरे आने के बाद महाविद्यालय में अनेक विकास कार्य हुए है-छात्राओं के लिए **हेल्थ सेंटर, शुद्ध पेयजल का प्रबंध**, विज्ञान संकाय के लिए **आधुनिक सुसज्जित प्रयोगशाला एवं क्लास**, निर्बाध बिजली के लिए **उच्च क्षमता वाले जेनरेटर** आदि लगाये गये हैं।

नवीनीकृत **प्राचार्या कक्ष की स्थापना, प्रकृति संरक्षण हेतु सोलर ऊर्जा प्लांट, रेनवाटर हरवेस्टिंग प्लांट की स्थापना, खूबसूरत उद्यान का विकास कार्य** आदि किया गया है। अकादमिक उपलब्धियाँ - प्रत्येक **माह के आरंभ में ही एकेडमिक एवं विभिन्न कार्यक्रम कैलैंडर जारी किया जाता है** जिसके अनुसार पूरे माह शैक्षिक एवं अन्य कार्यक्रम किये जा रहे हैं जिसे समस्त महाविद्यालय में एक शैक्षणिक एवं उत्साह का वातावरण बन रहा है। **सक्रिय एन.एस.एस. गतिविधियाँ, खेलकुद समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फ्रेशर एवं फेयरवेल डे** का आयोजन किया जा रहा है ताकि छात्राओं के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास हो सके।

NAAC से प्रत्यापन के लिए वर्ष 2020-21 का AQAR NAAC के पोर्टल पर जमा किया जा चुका है तथा लगातार Review Work चल रहे हैं। इस वर्ष से छात्राओं को **छात्रवास की सुविधा** भी पुन: प्रदान की जायेगी। महाविद्यालय में **विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई, स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कॉमर्स एवं B.Lis पाठ्यक्रम** की पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु प्रोपोजल बनाकार पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को भेजा जा चुका है।

महाविद्यालय के बेहतर भविष्य के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है जिसके लिए में लगातार प्रयास कर रही हूँ। इस दिशा में तमाम छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं अभिभावकगण का सराहनीय सकारात्मक सहयोग मुझे लगातार मिल रहा है।

मासिक न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन से महाविद्यालय में होने वाली तमाम गतिविधियों का न सिर्फ पारदर्शी तरीके से प्रकाश में आने का माध्यम तैयार होता है, बल्कि समस्त कार्यक्रमों का क्रमबद्ध तरीके से लिपिवद्ध दस्तावेज भी तैयार होते जा रहे हैं, जो महाविद्यालय के इतिहास के लिए धरोहर साबित होगा।

मैं कॉलेज के प्रकाशन/संपादन समिति के संयोजक डॉ. शिवनारायण सिंह को बधाई देती हूँ, इस कॉलेज न्यूज बुलेटिन को निकालने में लगातार प्रयासरत हैं। मुझे विश्वास है कि इस मासिक 'कॉलेज न्यूज बुलेटिन' का भरपूर स्वागत होगा तथा यह महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका अदा कर पायेगा।

पूनम

प्रो. (डॉ.) पूनम

## महाविद्यालय के पदाधिकारी


**Dr. Shivnarayan Singh**
Coordinator, IQAC


**Dr. Prem Kumari**
Coordinator, NAAC


**Mr. Rajeev Shankar Sinha**
Co-ordinator, B.C.A.


**Mr. Aditya Bhardwaj**
Co-ordinator, B.B.M.


**Dr. Norah Nivedita Shaw**
Admission In-charge


**Dr. Farzana Aslam**
Co-ordinator Cultural Activities


**Dr. Vimi Singh**
Co-ordinator, Placement Cell

**IQAC द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार**

# उच्च शिक्षा एवं शोध

## कॉलेज के द्वारा प्रकाशित मासिक 'न्यूज बुलेटिन' का लोकार्पण






महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता निश्चयन कोषांग (IQAC) के द्वारा 'उच्च शिक्षा एवं शोध' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्त दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. श्योराज सिंह बैचेन थे जबकि विशिष्ट अतिथि बी. एन. मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अमरनाथ सिन्हा थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम ने स्वागत उद्‌बोधन दिया तथा कार्यक्रम का संचालन IQAC के संयोजक प्रो. शिव नारायण सिंह के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो श्योराज सिंह बैचेन ने अपने संबोधन में यह कहा कि वर्तमान समय में कॉलेज व विश्वविद्यालयों की पुस्तकालयों की स्थिति बेहतर नहीं है। इन्हें बेहतर करने के साथ साथ शोध को लेकर हिंदी पत्रकारिता, आदिवासी साहित्य, दलित साहित्य, स्त्री साहित्य को बढ़ावा देने की जरुरत है। एक ही तरह के साहित्य पर लगातार चर्चा करते रहने से विविधता नहीं आएगी। गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नये शोध की जरुरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. आर. के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार के पास सीमित संसाधन है, इसे ध्यान में रखते हुए अपनी डियूटी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को बदलते समय के अनुसार अपने को ढ़ालते रहना चाहिए। जीवन में अवसर बार बार दस्तक नहीं देता है। समय का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि बी. एन. मंडल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अमरनाथ सिन्हा ने अपने संबोधन में शिक्षा को राजनितिक प्रयोग की भूमि बताया। साथ ही इस अवसर पर कॉलेज का मासिक न्यूज बुलेटिन का भी लोकार्पण माननीय अतिथियों के द्वारा किया गया।








# Academic & Extra Curricular Activities in Our College





















## (July, 2022)

| Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|
| 07.07.2022 | Vaccination Drive Against Covid-19 | Zoology |
| 15.07.2022 | Signing of MOU between the College and Karo Sambhav Pvt. Ltd. for disposal of Waste Electronic Goods under e-Waste Management | College Administration |
| 26.07.2022 | Counselling Session for MS RISE Program | Placement Cell in collaboration with AISECT |

## (June, 2022)

| Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|
| 02.06.2022 | Free Health Check Up and Voluntarily Blood Donation Camp | Zoology & NSS |
| 02.06.2022 | Signing of MOU between the College and Asthalok Hospital Pvt. Ltd. | College Administration |
| 04.06.2022 | Workshop on Research Methodology | History |
| 04.06.2022 | Group Discussion on the topic of Global Warming & Plantation Drive on the occasion of World Environment Day | Pol. Sc. |
| 04.06.2022 | Lecture & Plantation Drive on the Occasion of World Environment Day | Geography |
| 07.06.2022 | Special Session on Soft Skills and Resume Making | Placement Cell |
| 07.06.2022 | Farewell of Arts Faculty Students of History and Psychology Departments | History & Psychology |
| 21.06.2022 | Celebration of International Day of Yoga | NSS |














# Academic & Extra Curricular Activities in Our College

## (May, 2022)







| Date | Title of Event | Organizing Department |
|---|---|---|
| 09.05.2022 | Lecture on Girls Education in Bihar | English |
| 13.05.2022 | Excursion Tour to Bihar Museum, Patna | Zoology |
| 20.05.2022 | Quiz on Environmental Studies | History |
| 23.05.2022 | Poster Presentation on International Day of Biological Biodiversity | Zoology |
| 24.05.2022 | Farewell by Science Faculty | Zoology |
| 28.05.2022 | One Day National Seminar on Higher Education and Research | IQAC |
| 30.05.2022 | World No Tobacco Day Programme | Zoology in collaboration with Savera Cancer and Multispecialty Hospital |
| 31.05.2022 | World No Tobacco Day- Awareness Programme and Rally Drive | Zoology |
| 31.05.2022 | Educational Tour to Nalanda & Rajgir | Geography |











## अंग्रेजी विभाग द्वारा 'Girls Education in Bihar' पर एक व्याख्यान
## ( 9 मई, 2022 )

9 मई, 2022 को अंग्रेजी विभाग के द्वारा पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें अतिथियों के साथ-साथ विभाग की छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा काव्य पाठ भी किया।







## जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा के शैक्षणिक परिभ्रमण ( 13 मई, 2022 )




13 मई, 2022 को महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा एक शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया जिसके तहत विभाग की छात्राओं ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय का भ्रमण किया तथा बिहार और देश के अतीत की जानकारी प्राप्त की।






### इतिहास विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता

20 मई, 2022 को महाविद्यालय के इतिहास विभाग के द्वारा Environmental Studies पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




## वैश्विक तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम






31 मई, 2022 को महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा वैश्विक तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की शिक्षक तथा छात्राओं ने हिस्सा लिया और महाविद्यालय से एक रैली निकाली गयी जिसके तहत महाविद्यालय के पड़ोस के मोहल्ले के लोगों को तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के बारे में जागरूक किया गया।



## जन्तु विज्ञान विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस






23 मई, 2022 को महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर एक पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण, पेड़ पौधों की विलुप्ति आदि को दर्शाते हुए अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम ने कहा कि इस तरह का आयोजन बेहतर शिक्षा और वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक है।

## विज्ञान संकाय की छात्राओं का विदाई समारोह

24 मई, 2022 को महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के सत्र 2019-22 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम ने अपने संबोधन में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहीं कि वे जीवन की हर क्षेत्र में सफल हों।












सवेरा कैंसर तथा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्त्वाधान में

## जंतु विज्ञान विभाग द्वारा वैश्विक तम्बाकू निषेध दिवस

30 मई, 2022 को महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के द्वारा वैश्विक तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सवेरा कैंसर तथा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्त्वाधान में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने हिस्सा लिया और तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी प्राप्त की।



## भूगोल विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण

31 मई, 2022 को महाविद्यालय के भूगोल विभाग के द्वारा एक शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया जिसके तहत विभाग की छात्राओं ने नालंदा तथा राजगीर की यात्रा की तथा इन स्थानों के भौगोलिक परिवेश का अध्ययन किया।



